Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बांसवाड़ा में परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी 20 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *03 नवम्बर,* गुरूवार / ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर बांसवाड़ा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये हेमन्त पाटीदार परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बांसवाड़ा अतिरिक्त कार्यभार सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, बांसवाड़ा को परिवादी से **20 हजार रूपये** की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की बांसवाड़ा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि विभाग में लगाये गये अनुबंधित वाहन के बकाया बिलों के भुगतान करने की एवज में प्रतिमाह 10 हजार रुपये कमीशन के रूप में हेमन्त पाटीदार परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बांसवाड़ा अतिरिक्त कार्यभार सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, बांसवाड़ा द्वारा 25 **हजार रूपये** की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की बांसवाड़ा इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री माधोसिंह** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये हेमन्त पाटीदार पुत्र श्री डायालाल पाटीदार निवासी मकान नं0 ए–70, माही सरोवर, गणेश दूध डेयरी के पास, हाउसिंग बोर्ड, बांसवाड़ा हाल परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बांसवाड़ा अतिरिक्त कार्यभार सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, बांसवाड़ा को परिवादी से **20 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 1 **हजार रूपये** की रिश्वत राशि वसूल की।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।